प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 05.03.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**मुख्य समाचारः—**

1— छत्तीसगढ़ की दो राज्यसभा सीटों के लिए आज भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फूलोदेवी नेताम ने भरा नामांकन।

2— केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनगणना के लिए चार डिजिटल टूल्स लांच किए और शुभंकर का किया अनावरण।

3— राज्यपाल रमेन डेका ने बिलासपुर जिले के शिवतराई में बैगा और बिरहोर जनजाति के लोगों से की मुलाकात—तीरंदाजी के खिलाड़ियों को पांच—पांच हजार रुपये देने की घोषणा की।

**और**

4— दंतेवाड़ा—बीजापुर सीमा क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया पांच लाख रूपए का इनामी सशस्त्र माओवादी।

..........

**राज्यसभा चुनाव—नामांकन**

छत्तीसगढ़ की दो सीटों सहित दस राज्यों की सैंतीस राज्यसभा सीटों के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का आज अंतिम दिन था। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा ने आज

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और वरिष्ठ विधायक धरम लाल कौशिक प्रस्तावक बने। नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित विभिन्न कैबिनेट मंत्री और विधायक भी उपस्थित थे।

नामांकन दाखिल करने के बाद आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है, उसका वे निर्वहन करेंगी।

वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम ने भी आज विधानसभा परिसर में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और विधायक उमेश पटेल सहित कांग्रेस के कई विधायक और नेता मौजूद थे।

कांग्रेस प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे सदन में प्रदेश के मुद्दों को उठाती रहेंगी।

उधर, बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल युनाइटेड अध्यक्ष नीतीश कुमार ने भी आज राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया है।

नामांकन पत्रों की जांच कल छह मार्च को की जाएगी। प्रत्याशी नौ मार्च तक अपने नाम वापस ले सकते हैं। मतदान सोलह मार्च को होगा और इसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

**प्रधानमंत्री—रायसीना डायलॉग**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में रायसीना डायलॉग के ग्यारहवें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। फिनलैंड के राष्ट्रपति डॉ. अलेक्जेंडर स्टब उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। रायसीना डायलॉग भू—राजनीति और भू—अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में एक सौ दस देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे, जिनमें मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, संसद सदस्य, सैन्य कमांडर और उद्योग जगत के दिग्गज शामिल हैं।

इस वर्ष का विषय "संस्कार — दृढ़ता, सामंजस्य, उन्नति" है। ये सम्मेलन डिजिटल प्लेटफार्म पर देखा जा सकता है।

**गृहमंत्री—जनगणना**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में जनगणना—दो हजार सत्ताईस के लिए चार डिजिटल टूल्स का सॉफ्ट लॉन्च और शुभंकर— "प्रगति" महिला और "विकास" पुरुष — का अनावरण किया। देशभर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग ने एडवांस डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किए हैं। जनगणना—दो हजार सत्ताईस में घर—घर जाकर सुरक्षित मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर डाटा एकत्रित किया जाएगा। इसके लिए देशभर में तीस लाख से ज़्यादा प्रगणक, पर्यवेक्षक और अन्य अधिकारी कार्य करेंगे।

पहली बार लोगों को स्व—गणना का विकल्प प्रदान किया जा रहा है। स्व गणना पोर्टल एक सुरक्षित वेब—आधारित सुविधा है, जिसके माध्यम से पात्र उत्तरदाता घर—घर सर्वेक्षण से पहले सोलह भाषाओं में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।

गौरतलब है कि जनगणना दो चरणों में संपन्न होगी। पहले चरण के दौरान आवास की स्थिति और घरेलू सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी। वहीं, दूसरे चरण में देश के प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जनसांख्यिकीय, सामाजिक और आर्थिक विवरण दर्ज किए जाएंगे।

## राज्यपाल–बैगा जनजाति मुलाकात

राज्यपाल रमेन डेका ने आज अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान कोटा विकासखंड के शिवतराई पहुंचकर बैगा और बिरहोर जनजाति के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने उनकी जीवनशैली, पारंपरिक संस्कृति तथा शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने तीरंदाजी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी को पांच–पांच हजार रुपये देने की घोषणा की।

राज्यपाल ने करका की लखपति दीदी प्रमिला बैगा से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वे गोंदा स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं। समूह की सदस्य रश्मि मरावी ने बताया कि उनके समूह द्वारा सिलाई–मशीन का काम, अचार–पापड़ निर्माण सहित अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

## माओवादी–मुठभेड़

दंतेवाड़ा–बीजापुर सीमा क्षेत्र के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक सशस्त्र माओवादी मारा गया है। मारे गए माओवादी की पहचान भैरमगढ़ एरिया कमेटी के एसीएम राजेश पुनेम के रूप में की गई है, जिस पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि गीदम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुमलनार, गिरसापारा और नेलगोड़ा के बीच जंगल में माओवादियों द्वारा हथियार छिपाए जाने की सूचना मिली थी। इस पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के जवानों को रवाना किया गया।

जब्त हथियारों में एक एसएलआर रायफल, एक इंसास रायफल, एक पिस्टल, वॉकी–टॉकी सेट, एसएलआर तथा इंसास की मैगजीन, जिंदा कारतूस, मिसफायर राउंड और अन्य सामग्री शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री–नीति आयोग अध्यक्ष पदभार

______मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज नवा रायपुर स्थित नीति भवन में छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के नवनियुक्त उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य नीति आयोग प्रदेश के दीर्घकालिक विकास विज़न, साक्ष्य–आधारित नीति निर्माण और विभिन्न विभागों के बेहतर समन्वय के माध्यम से छत्तीसगढ़ के विकास को नई दिशा और गति देने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थान है। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों और चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं और रणनीतियां तैयार करने में आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। श्री साय ने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिलों का कार्यक्रम देश के पिछड़े क्षेत्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव छत्तीसगढ़ के आकांक्षी जिलों में भी देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग की ओर से प्राप्त सुझावों को राज्य सरकार प्रभावी ढंग से लागू करने का प्रयास करेगी।

## गांजा तस्करी–आरक्षक गिरफ्तार

______जशपुर पुलिस ने करीब चौबीस किलो गांजे के साथ दो तस्करों और दो पुलिस आरक्षकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विवेकानंद कॉलोनी में रहने वाले रवि विश्वकर्मा के घर छापा मारा गया। तलाशी के दौरान कमरे में रखी एक पेटी से चौबीस पैकेट गांजा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान रवि विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि गांजा उसे सुनील भगत ने पैसों के बदले अपने घर में रखने के लिए दिया था। इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी सुनील भगत को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि गांजा तस्करी में दो आरक्षक भी शामिल हैं। ये तपकरा थाने में पदस्थ धीरेंद्र मधुकर और आरक्षक अमित त्रिपाठी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उमेद सिंह ने बताया कि तस्करी के आरोप में दोनों आरक्षकों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

**हाथी हमला–मंडी प्रभारी मौत**

______कोरबा जिले के कुदमुरा उपार्जन केंद्र में कल देर रात एक हाथी के हमले में मंडी प्रभारी की मौत हो गई। वहीं, मृतक की पत्नी ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार देर रात एक हाथी उपार्जन केंद्र परिसर में घुस आया और झोपड़ी को नुकसान पहुंचाते हुए अंदर सो रहे राजेश कुमार पर हमला कर दिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक रजगामार क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

**मौसम**

______प्रदेश में अब गर्मी की तपिश में बढ़ोतरी होने लगी है। पिछले कुछ दिनों से लगातार तापमान में वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में लगभग दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और लोकतंत्र सेनानी महावीर प्रसाद जैन के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

– राज्यपाल रमेन डेका से कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर मनोज दयाल ने सौजन्य भेंट की।

और

– प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अवसर पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों के तहत कल सुबह रायपुर स्थित फूल चौक से पदयात्रा निकाली जाएगी। वहीं, सात मार्च को रायपुर के कोटा में जन औषधि दिवस का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>